नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम) : (क) जी, हां। परन्तु, भारत सरकार वित्तीय कठिनाइयों और अन्य प्राथमिकताओं के कारण अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकी है।

(ख) अन्य सड़कें जिन्हें राजस्थान सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने का सुझाव दिया है, नीचे दिखाई गई हैं :—

(1) होडल—धौलपुर सड़क ।

(2) फाजिल्का -गंगानगर -बीकानेर-नागपुर-मेरता-अजमेर-भिलवाड़ा-चित्तौड़गढ़—प्रतापगढ़ पिपलोदा-रतलाम-इन्दौर ।

जयपुर में दूरदर्शन कार्यक्रम

327. **श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जयपुर में दूरदर्शन कार्यक्रमों का वर्तमान प्रवृत्ति में सरकार का किस प्रकार परिवर्तन करने का विचार है ; और

(ख) जयपुर में स्टूडियो स्थापित करने तथा वहीं कार्यक्रम तैयार करने के कार्य में क्या प्रगति हुई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) जयपुर का टेलीविजन ट्रांसमीटर 'साइट' उत्तरवर्ती योजना के अंग के रूप में स्थापित किया गया है। अत: इसके कार्यक्रम मुख्यतया ग्रामोन्मुखी होते हैं, यद्यपि कुछ कार्यक्रम शहरी दर्शकों की रुचि के भी होते हैं। कार्यक्रम के ढांचे में कोई परिवर्तन करने का विचार नहीं है ।

(ख) जयपुर ट्रांसमीटर के लिए कार्यक्रम दिल्ली में स्थित बेस प्रोडक्शन सेंटर में तैयार किये जाते हैं। इस सेंटर को जयपुर में स्थानान्तरित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। तथापि, इसका कार्यान्वयन योजना आयोग द्वारा आवंटित की जाने वाली प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा ।

आकाशवाणी के स्थानीय कार्यक्रमों की समीक्षा

328. **श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित होने वाले स्थानीय कार्यक्रमों में जन-रुचि की समीक्षा करने के लिए क्या प्रयत्न किये गये हैं ; और

(ख) क्या सरकार स्थानीय स्तर पर सलाहकार समितियों का गठन करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी): (क) और (ख): केन्द्रों से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए कार्यक्रम सलाहकार समितियां मूल रूप से कार्य क्रम प्रसारित करने वाले पूर्णरूपेण केन्द्रों से सम्बद्ध हैं। कार्यक्रम सलाहकार समितियां पुनर्गठित की जा रही हैं।

Decontrol of Sale of Scooters

329. SHRI MANORANJAN BHAKTA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government have recently decontrolled the sale and distribution of all types of scooters; if so, reasons for taking this action; and

(b) whether any steps have also been taken to ensure the availability of Bajaj and Priya Scooters on demand from the dealers and if so, full details?